भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 613

20 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

सेल द्वारा स्वास्थ्य मेला

613. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण (सेल) और मंत्रालय के अधीन अन्य उपक्रमों द्वारा स्वास्थ्य मेलों के आयोजन के लिए धनराशि खर्च की जा रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान मंत्रालय के तहत भारतीय इस्पात प्राधिकरण और अन्य उपक्रमों द्वारा किन स्थानों पर तिथि और स्थान-वार स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय इस्पात प्राधिकरण और अन्य उपक्रमों द्वारा तिथि और स्थान-वार कितनी निधियां खर्च की गयी हैं?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) सहित इस्पात मंत्रालय के नियंत्रणाधीन किसी भी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) ने विगत तीन वर्षों के दौरान कोई भी स्वास्थ्य मेला आयोजित नहीं किया है। तथापि, इस्पात मंत्रालय के नियंत्रणाधीन सीपीएसई के संयंत्रों/इकाइयों/खानों की परिधि में रहने वाले समुदाय अस्पतालों/औषधालयों/चल चिकित्सा इकाइयों इत्यादि के माध्यम से मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाते है। इसके अतिरिक्त, संयंत्रों/खानों की परिधि में स्थित विभिन्न गांवों में रहने वाले लोगों के लाभ हेतु नियमित स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के जरिए निवारक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाती है।

****